




नवभारत
भोपाल, बुधवार, 13 मई, 2026




# बमीठा में गरजे जीतू पटवारी

## अमित भटनागर की दोबारा गिरफ्तारी पर भड़की कांग्रेस

**छतरपुर, 12 मई. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को छतरपुर जिले के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों, अनाज खरीदी और केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित विस्थापितों के मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला.**

प्रदर्शन और आंदोलन के बाद पुलिस एवं वन विभाग ने पटवारी

- आंदोलन के बाद एफआईआर दर्ज
- अनाज तौल में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

सहित कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने

> पटवारी ने एफआईआर को भाजपा सरकार की तानाशाही करार देते हुए कहा कि किसानों और विस्थापितों की आवाज उठाने वालों को डराने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने यह भी संकेत दिया कि जल्द ही राहुल गांधी भी प्रभावित किसानों और विस्थापित परिवारों से मिलने क्षेत्र में आ सकते हैं. फिलहाल पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है.

समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

अपने दौरे की शुरुआत पटवारी ने बमीठा स्थित किसान उपार्जन केंद्र से की. यहां उन्होंने किसानों के साथ धरना देते हुए अनाज तौल में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि सरकार की व्यवस्थाओं के कारण किसानों को उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है. पटवारी ने सीधे मुख्यमंत्री मोहन यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों का शोषण हो रहा है और प्रशासन जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन करेगी.

इसके बाद पटवारी केन-बेतवा लिंक परियोजना के ढौंढ़न बांध क्षेत्र पहुंचे, जहां आदिवासी महिलाएं अपनी जमीन, पुनर्वास और मुआवजे की मांग को लेकर 'चिता आंदोलन' कर रही हैं. विस्थापितों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में आदिवासियों के साथ खड़ी है. उन्होंने आरोप लगाया कि मुआवजे के सर्वे में भारी गड़बड़ी हुई है और पात्र परिवारों को न्याय नहीं मिल रहा.

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर की रिहाई के तुरंत बाद दोबारा गिरफ्तारी से माहौल और गर्मा गया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध करते हुए सरकार पर दमनात्मक कार्रवाई का आरोप लगाया. वन विभाग के अधिकारी देवेंद्र अहिरवार के मुताबिक प्रतिबंधित क्षेत्र में बैरिकेडिंग पार करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के चलते वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 27 सहित अन्य धाराओं में जीतू पटवारी और समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है.

# सिंघपुर बैराज में डूबने से दो युवकों की मौत

■ शादी की खुशियां मातम में बदलीं ■ जम्मू से शादी में शामिल होने आए थे युवक

**छतरपुर, 12 मई. महाराजपुर थाना क्षेत्र के सिंघपुर बैराज में सोमवार रात दर्दनाक हादसे में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई. मृतकों की पहचान 21 वर्षीय रोहित अहिरवार और 14 वर्षीय दुलीचंद उर्फ ओम अहिरवार के रूप में हुई है. हादसे**

**एनडीआरएफ ने मंगलवार की सुबह बरामद किए शव**

**के बाद गांव मटौंधा के 'दीवान जी का पुरवा' में चल रही शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं.**

जानकारी के अनुसार, गांव के गोरेलाल अहिरवार के घर शादी समारोह आयोजित था. इसमें शामिल होने के लिए जम्मू से करीब 10 से 12 युवक गांव आए हुए थे. सोमवार शाम सभी युवक पास स्थित सिंघपुर बैराज में नहाने पहुंचे. इसी दौरान रोहित और दुलीचंद गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे. साथियों ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों पानी में लापता हो चुके थे.

घटना की सूचना मिलते ही महाराजपुर पुलिस, प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची. गोताखोरों की मदद से रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया गया. काफी मशक्कत के बाद मंगलवार सुबह दोनों युवकों के शव बैराज से बाहर निकाले गए.



> बताया जा रहा है कि दोनों युवक मूल रूप से गांव के निवासी थे और लंबे समय से जम्मू में रहकर काम करते थे. वे विशेष रूप से शादी समारोह में शामिल होने गांव आए थे. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# एमआरपी नियंत्रण कानून बनाने की मांग

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर, 12 मई. उपभोक्ताओं के अधिकारों और बाजार में पारदर्शिता की मांग को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा. संगठन ने मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार के नाम दिए ज्ञापन में देश में सख्त एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) नियंत्रण कानून बनाने की मांग उठाई.**

संगठन के जिला उपाध्यक्ष अंकित महतो ने बताया कि वर्तमान में एमआरपी तय करने के लिए स्पष्ट और प्रभावी व्यवस्था नहीं होने से कई कंपनियां उत्पादों पर मनमाने दाम अंकित कर रही हैं. इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए, जिससे ग्राहकों को उचित मूल्य पर सामान मिल सके और कंपनियों की मनमानी पर रोक लगे.

> ग्राहक पंचायत ने ज्ञापन में कहा कि कई वस्तुओं पर लागत मूल्य की तुलना में कई गुना अधिक एमआरपी छाप दी जाती है, जिससे खुदरा विक्रेता और कंपनियां भारी मुनाफा कमाते हैं. संगठन का मानना है कि एमआरपी निर्धारण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए और इस पर सरकारी नियंत्रण जरूरी है.

## मातृ शक्ति का सम्मान

**हरपालपुर.** ब्रह्माकुमारीज हरपालपुर सेवा केंद्र द्वारा गायत्री मंदिर में मदर्स डे के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में नगर की मातृशक्ति, गणमान्य नागरिकों और महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही. मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ममता बैसाखिया उपस्थित रहीं. अतिथियों का स्वागत ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा तिलक और पुष्प अर्पित कर किया गया. कार्यक्रम में सभी माताओं और बहनों को राधा-कृष्ण की सुंदर प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बीके पूनम बहन ने मातृशक्ति की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां प्रेम, त्याग, धैर्य और संस्कारों की जीवंत प्रतिमूर्ति होती है.

## एक नजर में




### बछौन उप तहसील भवन का भव्य उद्घाटन

**चंदला.** बछौन क्षेत्र के लोगों के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक रहा. उप तहसील भवन का भव्य उद्घाटन मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार द्वारा किया गया. मंत्री ने अपने करकमलों से भवन का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी. उद्घाटन के साथ ही उप तहसील में प्रशासनिक कार्य भी विधिवत रूप से शुरू कर दिए गए. अब तक क्षेत्र के लोगों को छोटे-छोटे राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए लवकुशनगर और चंदला तहसील के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और धन दोनों की परेशानी होती थी. उप तहसील शुरू होने से अब क्षेत्रवासियों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएं मिल सकेंगी और लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे. लोगों में नए भवन के उद्घाटन को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला. इस दौरान नायब तहसीलदार राम कुमार यादव ने कहा कि वे नियमित रूप से उप तहसील में अपनी सेवाएं देंगे और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा. क्षेत्रवासियों ने मंत्री दिलीप अहिरवार का आभार जताते हुए कहा कि उप तहसील भवन खुलने से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और आम जनता को राहत मिलेगी. कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.

# इनामी आरोपी राजा पंडित गिरफ्तार

**नौगांव/छतरपुर, 12 मई.** रजत सकलेचा के निर्देशन में चलाए जा रहे 'न्याय पथ अभियान' के तहत नौगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने अपहरण और बंधक बनाने के मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी राजा पंडित उर्फ दीपक पुरोहित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस के अनुसार, मई 2025 में थाना नौगांव क्षेत्र में अपहरण और बंधक बनाने की सनसनीखेज वारदात हुई थी. इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों पंकज यादव, संजू यादव, रामराजा यादव और संदीप विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर चुकी थी. हालांकि गिरोह का सक्रिय सदस्य राजा पंडित लगातार फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था.

**फरार चल रहे अपराधी पर था 10 हजार का इनाम**



> गिरफ्तार आरोपी राजा पंडित उर्फ दीपक पुरोहित निवासी ग्राम मोहारा, जिला ललितपुर का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है. पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के ललितपुर सहित अन्य क्षेत्रों में लूट, चोरी, अपहरण और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं.

# अवैध हथियारों संग दो आरोपी दबोचे

## गौरिहार एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध अभियान जारी

**छतरपुर, 12 मई.** रजत सकलेचा के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे अवैध हथियार विरोधी अभियान के तहत गौरिहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने ग्राम चुरयारी में घेराबंदी कर दो आरोपियों को अवैध देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है.

जानकारी के अनुसार, गौरिहार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चुरयारी स्कूल के पीछे पहाड़ी क्षेत्र में कुछ संदिग्ध युवक हथियार लेकर मौजूद हैं. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आर.एन. पटेरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पहाड़ी की घेराबंदी कर दी. पुलिस को देखते ही संदिग्ध भागने लगे, लेकिन पुलिस जवानों ने पीछा कर दोनों आरोपियों



को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू निवासी घटरा और अजय सिंह निवासी धावा के रूप में हुई है.

## ट्रैफिक पार्क में बच्चों ने सीखे सड़क सुरक्षा के नियम

# खेल-खेल में सीखीं सड़क सुरक्षा की बारीकियां

**छतरपुर, 12 मई.** पुलिस परिवार के बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप के तहत मंगलवार को ट्रैफिक पार्क में विशेष शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. इस दौरान बच्चों को खेल-खेल में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं.

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कम उम्र से ही ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा. ट्रैफिक पार्क में बच्चों को मॉडल, चित्रों और संकेतक बोर्डों के माध्यम से



सड़क सुरक्षा के नियम समझाए गए. यातायात पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें विभिन्न ट्रैफिक साइन, सिग्नल लाइट और सड़क पर चलने के सुरक्षित तरीकों की जानकारी दी. बच्चों ने जाना कि लाल, पीली और हरी बत्ती का क्या महत्व होता है और सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग क्यों जरूरी है.

इसके अलावा बच्चों को स्पीड लिमिट, हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपायों के बारे में भी बताया गया. प्रशिक्षण के दौरान फुटपाथ के उपयोग, 'डू नॉट क्रॉस' संकेतों और सड़क अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया. अधिकारियों ने बच्चों से कहा कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें.



# खरीफ सीजन से पहले खाद पर्याप्त, किसानों को राहत

## मानसून से पहले कर लें खाद का उठाव

**छतरपुर, 12 मई.** आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है. जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि मानसून और बोनी के समय होने वाली भीड़ से बचने के लिए वे समय रहते अपनी जरूरत के अनुसार खाद का उठाव कर लें. प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी का पर्याप्त भंडारण मौजूद है. जिले में उपलब्ध खाद के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में 1186.54 मीट्रिक टन यूरिया, 3709.85 मीट्रिक टन डीएपी, 8341.86 मीट्रिक टन एनपीके तथा 3113.3 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है. अधिकारियों के मुताबिक खरीफ फसलों की बोनी को ध्यान में रखते हुए लगातार खाद की

> प्रशासन ने किसानों से कहा है कि वे अधिकृत केंद्रों से ही खाद खरीदें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अधिक कीमत वसूली की शिकायत तत्काल कृषि विभाग को दें.

आपूर्ति भी जारी रखी जा रही है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो. कृषि विभाग ने किसानों को ई-विकास पोर्टल का उपयोग करने की सलाह दी है. इस पोर्टल के माध्यम से किसान घर बैठे या अपने नजदीकी केंद्र पर उपलब्ध खाद की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और जरूरत अनुसार बुकिंग भी कर सकते हैं. पोर्टल पर सोसायटी, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रों तथा निजी विक्रेताओं के यहां उपलब्ध स्टॉक की जानकारी रियल टाइम में दिखाई जाती है.

**जनगणना 2026** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

# बारीगढ़ नगर परिषद ने एचएलबी कार्य का जिले में गाड़ा झंडा

**छतरपुर, 12 मई.** जनगणना 2026 के तहत मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया में नगर परिषद बारीगढ़ ने पूरे जिले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है.

जिले के सभी नगरीय निकायों और तहसीलों को पीछे छोड़ते हुए बारीगढ़ ने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) का कार्य निर्धारित समय-सीमा से काफी पहले पूर्ण कर प्रशासनिक स्तर पर मिसाल पेश की है. इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने टीम को सम्मानित कर उनकी सराहना की. प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, जनगणना



2027 के प्रथम चरण के लिए 30 मई 2026 तक एचएलबी कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. लेकिन कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पार्थ जैसवाल के निर्देशन तथा एसडीएम बलवीर रमन और सीएमओ अजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में नगर परिषद बारीगढ़ ने सभी 16 ब्लॉकों का कार्य 07 अप्रैल 2026 को ही 100 प्रतिशत पूरा कर लिया.

बारीगढ़ की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने टीएल बैठक के बाद जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में फील्ड टीम को सम्मानित किया. इस दौरान चार्ज अधिकारी अजय अग्निहोत्री, फील्ड ट्रेनर संजय कुमार यादव, सुपरवाइजर धीरज कुमार देवलिया, सोमचंद्र विश्वकर्मा, मोहनलाल यादव सहित सभी 16 एचएलबी प्रगणकों को पुष्पमाला पहनाकर और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया भी उपस्थित रहे. कलेक्टर ने कहा कि डिजिटल प्रणाली आधारित इस जनगणना अभियान में बारीगढ़ ने जिस तेजी और जिम्मेदारी से कार्य किया है, वह जिले के अन्य निकायों के लिए प्रेरणादायी है. उन्होंने अन्य तहसीलों और नगर निकायों से भी 'बारीगढ़ मॉडल' अपनाकर समय से पहले लक्ष्य पूरा करने की अपील की.